ग्वालियर संस्करण की नई विज्ञापन दरें

वर्गीकृत विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	3 DAYS	15 DAYS	1 MONTH
50 शब्द,प्रत्येक अतिरिक्त शब्द 5 रूपये, शीर्षक शुल्क 100 प्रतिशत अतिरिक्त	100/-	500/-	1000/-
डिस्पले क्लासिफाइड विज्ञापन (ब्लैक एण्ड व्हाइट)	1 DAYS	7 DAYS	1 MONTH
	500/-	1800/-	3000/-

पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि फोटो सहित	Size 8x1	Rs. 500/-
गुमशुदा, जन्मदिन, बधाई	Size 8x1	Rs. 1000/-
वैवाहिक	Size 6x1	Rs. 500/-
नाम परिवर्तन, लीज पॉलिसी परिवर्तन, खोया-पाया	Display Classified Rate	
वैवाहिक विज्ञापन कम से कम 40 शब्द (केवल मध्यप्रदेश) 5 रूपये अतिरिक्त शब्द		Rs. 500/-

Contact:-
Nava Bharat Bhavan, City Center, Gwalior
Ph. 0751-4086200, 9479319990
E-mail address-bharatnava@gmail.com

पाठकगण किसी भी वर्गीकृत विज्ञापन पर पहल करने से पहले पूरी जानकारी एकत्र कर संपर्क करें. इस संबंध में नवभारत समाचार- पत्र की जिम्मेदारी नहीं होगी.

ग्वालियर के डॉ . अंशुमन दीवान ने माउंट किलिमंजारो पर फहराया झंडा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. शहर के युवा और रोटरी इम्पीरियल ग्वालियर के सदस्य डॉ. अंशुमन दीवान ने अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो (5,895 मीटर / 19,341 फीट) पर सफल चढ़ाई कर ग्वालियर का गौरव बढ़ाया।

यह अभियान 9 दिनों तक चला और शिखर की रात सबसे कठिन रही, जब डॉ. दीवान को लगातार 19 घंटे तक ट्रेकिंग करनी पड़ी। माउंट किलिमंजारो तंजानिया में स्थित एक निष्क्रिय, बर्फ से ढकी ज्वालामुखी है, जिसे च्सेवन समिट्सज्ज यानी प्रत्येक महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटियों में गिना जाता है। यह स्थल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में भी शामिल है।

डॉ. दीवान ने बताया कि इस चढ़ाई में उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों से आए 26 लोगों की टीम थी और यह उपलब्धि वास्तव में एक टीम प्रयास रही। उन्होंने अपने सभी साथियों के साथ-साथ अपने प्रेरक मित्र डॉ. हर्षवर्धन का भी आभार व्यक्त किया, जिनके निरंतर समर्थन से यह सफर संभव हो पाया।

इस सफलता को उन्होंने अपने दिवंगत पिता डॉ. अजीत प्रकाश दीवान की प्यारी स्मृति को समर्पित किया।

उन्होंने कहा कि यह अभियान उनके पूर्व एवरेस्ट बेस कैंप ट्रैक से लगभग दस गुना

शिखर पर पहुँचकर रोटरी इम्पीरियल ग्वालियर का झंडा फहराना उनके लिए अत्यंत गर्वपूर्ण क्षण रहा। उन्होंने अपने परिवार और मित्रों के आशीर्वाद एवं शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यही उनका सच्चा संबल और ताकत रहा है।

मां का आंचल सिंगिंग,मॉडलिंग,डांसिंग कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. मां का आंचल सिंगिंग मॉडलिंग डांसिंग एवं मेकअप आर्टिस्ट प्रतियोगिता कार्यक्रम एवं अवार्ड सेरेमनी आज बाल भवन सभागार में प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

इस कार्यक्रम के लिए महिला शक्ति मंच संस्था ने ऑडिशन किए थे 100 से भी अधिक प्रतिभागियों जिसमें महिलाएं और बच्चों ने उसमें काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपना हुनर दिखाया था उन में से चुने हुए प्रतिभागी आज अपनी प्रस्तुति देंगें। महिला शक्ति मंच की अध्यक्ष तारा शाहा ने बताया कि वह समय-समय पर महिलाओं और छात्र-छात्राओं बच्चों के लिए टैलेंट शो जैसे कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। यहां उनका इस कार्यक्रम का सातवां सीजन है जिसमें स्पेशल रैंप वॉक मां और उनके बच्चों का है। कार्यक्रम में एक ही मंच पर मां और बच्चे एक साथ डांसिंग सिंगिंग और मॉडलिंग करेंगे।

अखिलेश यादव से मिले ग्वालियर के सपा नेता

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. ग्वालियर के सपा नेताओं ने मध्य प्रदेश समाजवादी पार्टी के संगठन के विस्तार को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की और संगठन को लेकर चर्चा की। इस मौके पर ग्वालियर के पूर्व जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एवं विजय वीर सिंह यादव मौजूद थे। उन्होंने ग्वालियर चंबल में सपा की मजबूत स्थिति से अवगत कराया।

लायंस ग्वालियर अनुभूति ने किया 31शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति द्वारा शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 31 शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त उमाशंकर पचौरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में लॉयंस क्लब 3233 ई -1 के रीजनल चेयर पर्सन, रीजन-5, रोहिणी लॉयन नरेन्द्र मंगल, तथा जोनल चेयर पर्सन, जोन-3

लॉयन अवि वाजपेई उपस्थित थे! कार्यक्रम के संयोजक आईपीपी लॉयन कमल किशोर गुप्ता थे।

इस अवसर पर मंच पर चैप्टर अनुभूति की संस्थापक अध्यक्ष मीनाक्षी गोयल भी उपस्थित थी। सभा प्रारंभ के साथ ध्वज वंदना, विश्व शान्ति के लिये मौन तथा राष्ट्रगान के पश्चात अनुभूति चैप्टर के अध्यक्ष लॉयन अशोक शर्मा द्वारा अतिथिगण का शाब्दिक स्वागत किया गया। चैप्टर के कोषाध्यक्ष विजय खंडेलवाल सहित अन्य सदस्यों द्वारा अतिथिगण का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी 31 शिक्षकों का दुपट्टा, माला, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। अंत में मंचासीन अतिथिगण का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कल्पना प्रदीप द्वारा किया गया तथा आभार चैप्टर के मानसेवी सचिव लॉयन कमल बनवारी द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अनुभूति परिवार से राजेश गोयल, रामरतन गर्ग, नीरज मंगल, पूजा भारद्वाज, सुशीला गुप्ता, नीलू शर्मा, डॉली खंडेलवाल, गायत्री गर्ग व सपना मंगल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

मासिक परिचर्चा हुई आयोजित

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. शिक्षक दिवस के दिन ओजस्विनी विचार मंच, ग्वालियर द्वारा मासिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसका विषय गुरु शिष्य परंपरा, भारतीय ज्ञान की प्राचीन विरासत था। इस परिचर्चा में गुरु शिष्य परंपरा, उनके मधुर संबंध एवं गुरु की जीवन में महत्ता को लेकर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, राष्ट्र सेविका समिति मालवा की प्रांत कार्यवाहिका सुश्री भारती कुशवाह रहीं। जिन्होंने भारतीय संस्कृति में गुरु की प्रधानता और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी आवश्यकता को बताते हुए सकारात्मक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. राजरानी शर्मा ने की । मंदाकिनी शर्मा ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। श्रीमती नंदिता शर्मा ने कार्यक्रम की सटीक प्रस्तावना दी एवं श्रीमती बासंती आठले ने अपने सुमधुर गीत के द्वारा गुरु की महिमा का गुणगान किया। अतिथि परिचय श्रीमती बीना मिश्रा ने दिया। श्रीमती अनीता सेठी, श्रीमती तुलसी अग्रवाल, डॉ साधना पालीवाल, और डॉ रुचि राठौर ने परिचर्चा में अपने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में ओजस्विनी विचार मंच की उपाध्यक्ष डॉ ऋतु नामधारी ने सभी बहनों का आभार व्यक्त करते हुए शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मासिक परिचर्चा में विभिन्न शहरों से कुल 57 महिलाएं सम्मिलित हुईं एवं एक सार्थक विषय पर श्रेष्ठ विचारों को ग्रहण किया।

किशोरी घर से संदिग्ध परिस्थिति में लापता

ग्वालियर 6 सितम्बर. 16 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थिति में घर से लापता हो गई। घटना डबरा सिटी इलाके की है। जब परिजनों को हरसंभव प्रयास करने के बाद भी बिटिया का कुछ पता नहीं लगा, तो उन्होंने थाने पहुंचकर सूचना दी। जहां पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण की एफआईआर दर्ज कर किशोरी को खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं। डबरा के ढीमर मोहल्ले में रहने वाली 30 वर्षीय गीता पत्नी बृजेश बाथम ने डबरा सिटी थाने में सूचना दी, कि उसकी 16 वर्षीय बिटिया गुरुवार - शुक्रवार की दरम्यानी रात घर से गायब हो गई है। सुबह जागने पर जब वह नजर नहीं आई, तो आस - पड़ोस सहित सभी परिचितों व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। चूंकि मामला नाबालिग से जुड़ा है, जिससे पुलिस ने नियमानुसार अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर किशोरी का पता लगाने के लिए घटनास्थल के इर्द-गिर्द सहित रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

सोलर फेयर-2025 का दो-दिवसीय आयोजन 13 से चेम्बर भवन में

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. मध्य प्रदेश की शीर्ष औद्योगिक एवं व्यापारिक संस्था म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा लगातार तीसरे वर्ष ग्वालियर अंचल में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार, रविवार = 13-14 सितम्बर को चेम्बर भवन' में सोलर फेयर' का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने वगत कराया है कि इस च्सोलर फेयर' में सभी स्टॉल्स बुक हो चुके हैं । यह आयोजन ग्वालियर शहर सहित पूरे अंचल में सोलर सिस्टम वेण्डर्स और उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है ।

पदाधिकारियों ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि वर्ष-2023 में 22-23 जुलाई एवं वर्ष-2024 में 7-8 सितम्बर को अत्यन्त सफलता के साथ च्सोलर फेयर' का आयोजन च्चेम्बर भवन' में किया गया था। इसी क्रम में लगातार तीसरे वर्ष, आगामी शनिवार व रविवार, दिनांक 13-14 सितम्बर को च्सोलर फेयर' का आयोजन चेम्बर भवन में किया जा रहा है, जिससे ग्वालियर अंचल के उद्यमी व आमजन सौर ऊर्जा के फायदे समझकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित हो सकेंगे ।

ज्ञात रहे सौर ऊर्जा की विशेषताओं से प्रेरित होकर, म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा भी चेम्बर भवन' पर सोलर एनर्जी प्लांट' लगाया गया है । सोलर एनर्जी प्लांट' से विगत 08 माह के दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स को रु. 2 लाख 70 हजार की बचत हो चुकी है । गत वर्ष इसी अवधि के दौरान रु. 4 लाख 52 हजार की राशि के बिजली के बिल का भुगतान किया गया था, जबकि इस वर्ष रु. 1 लाख 82 हजार की राशि का भुगतान किया गया ।

पदाधिकारियों ने अंचल के उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों सहित आमजन से उपरोक्त दो-दिवसीय सोलर फेयर में पधारने की विनम्र अपील की है ।

कलामित्र पुरस्कार प्रदर्शनी का उदघाटन 19 को

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ग्वालियर में हिन्दीसेवी - वनमित्र काशीनाथ जोशी स्मृति तीन दिवसीय कलामित्र पुरस्कार प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 19 सितंबर से होने जा रहा है। प्रदर्शनी का उदघाटन राजा मानसिंह संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर की वाइस चांसलर डॉ. स्मिता सहस्त्रबुद्धे 19 सितंबर को अपराह्न 4 बजे करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजराराजा मेडिकल कॉलेज की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. यशोधरा गौर करेंगी। इस अवसर पर कलाकारों को पुरस्कृत भी किया जाएगा ।

प्रदर्शनी ग्वालियर नगर की नव-सज्जित तानसेन कला वीथिका में 19 सितम्बर से 21 सितम्बर तक दर्शकों के लिए प्रातः 11 बजे से सांय 7 बजे तक खुली रहेगी।

प्रदर्शनी में जूनियर और सीनियर दो वर्गों में कलाकारों से कलाकृतियां आमंत्रित की गई हैं । दोनों ही वर्गों में गत वर्ष की भांति पुरस्कारों की योजना है। इस वर्ष प्रदर्शनी हेतु 28 कलाकारों की 51 कलाकृतियां प्राप्त हुई हैं।

वरिष्ठ कलाकार और सदाशय मंच के संयोजक श्री धृतिवर्धन गुप्त ने जानकारी दी है कि इस राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उत्तरप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के कलाकारों की कलाकृतियों का अवलोकन किया जा सकेगा।

कांग्रेस निकालेगी वोट अधिकार यात्रा, साधारण सभा की बैठक हुई

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 6 सितम्बर. ग्वालियर महानगर में आगामी 8 सितंबर को कांग्रेस की होने वाली वोट अधिकार यात्रा की तैयारियों की समिक्षा व यात्रा को सफल बनाने के साथ यात्रा में अधिक से अधिक कांग्रेसजनो की भागेदारी के लिए एवं कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमो, धरने, प्रदर्शन, आदोंलनो के साथ जनता से जुड़े मुद्दे को हल कराने जेसे महत्वपूर्ण बिंदओ को लेकर कांग्रेस भवन शिंदे की छावनी पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा की उपस्थिती बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक का संचालन संगठन प्रभारी महाराज सिंह पटेल ने किया एवं आभार व्यक्त जिला उपाध्यक्ष जे.एच.जाफरी ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि आज हम सब कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी में एकजुट होकर एक ऐतिहासिक संकल्प के लिए इकट्ठे हुए हैं।

यह केवल साधारण सभा की बैठक नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा, जनता की आवाज़ और संविधान की मर्यादा को बचाने का अभियान है। हमारे नेता मान. राहुल गांधी जी ने बिहार की धरती से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। यादव ने कहा कि ग्वालियर की धरती सदियों से वीरों की, संघर्ष की और क्रांति की धरती रही है। यहां से उठी आवाज़ पूरे देश में गूंजती है

आम सूचना

श्रीमती रामप्यारी जाटव पत्नी श्री रामस्वरूप जाटव के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम सेकराजागीर, प.ह.नं.44, रा.नि.मं.01 टेकनपुर, तहसील डबरा एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 1228 ग्राम सेकराजागीर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 962 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-पूर्व में-भूखण्ड जाटव, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड दीगर एवं दक्षिण में भूखण्ड जाटव है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री बाबूलाल पुत्र श्री छोटा जाटव द्वारा श्री मनोज शर्मा पुत्र श्री श्रीलाल शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142582017ए1314310 दिनांक 12.06.2017 से विक्रय की गई। श्री मनोज शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती रामप्यारी जाटव पत्नी श्री रामस्वरूप जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142582021ए11545473 दिनांक 08.07.2021 से विक्रय की गई। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2017 की मूलप्रति गुम हो गई हैं। श्रीमती रामप्यारी जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार उमीद हाउसिंग फायनेंस प्राईवेट लि. वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, बैंक अथवा निकाय को विक्रय विलेख दिनांक 12.06.2017 की मूलप्रति प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें अथवा उसके सम्बन्ध में कोई हित रखते हों अथवा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

In The Court Of XV Civil Judge Class-I, District Court, Gwalior

Presiding Officer: भूपेन्द्र सिंह कुशवाह
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम)
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000091/2025)
देवेश कुमार अगर........... आवेदक
Vs
सर्वसाधारण.. ....अनावेदक
Process Id-115/2025
पेशी दिनांक :- 08/10/2025

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता- ग्वालियर, (2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेश कुमार अगर पता ने मृतक कैलाश नारायण अगर निवासी श्रीनगर कॉलोनी नदी पार टाल रोड मुरार ग्वालियर म.प्र. की प्रभारी अधिकारी जनजाति कार्य विभाग (आदिम जाति कल्याण विभाग)ग्वालियर मध्यप्रदेश, शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित कम्पू ग्वालियर,शाखा प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक शाखा मयूर मार्केट थाटीपुर ग्वालियर राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 October 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 October 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। आज तारीख 30 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(भूपेन्द्र सिंह कुशवाह)
पन्द्रहवें व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड, ग्वालियर (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें :-
टिप्पणी :- 1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

CHANGE OF NAME & D.O.B.

I **JENNY CHINGKHOLKIM** legally Wife of No. **15208933A Rank- HAV (DMT) Name- M. Khupmung** Presently C/o 56 APO Pin 925712 have Changed my Name from **JENNY CHING KHOL KIM** to **JENNY CHINGKHOLKIM** & **Date of Birth 15/06/1993 to 15/06/1992.** it may entered accordingly in my Husband army service record. Vide affidavit No. BX 215363 & date 06.09.2025

NAME CHANGE

I **ARSHAAN SIKANDAR** S/O **SAYED SAMEER.** HAVE CHANGED MY NAME AS **ARSHAN SIKANDER QADRI**. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS **ARSHAN SIKANDER QADRI.**
ADD.- 48 KHURJEWALA MOHALLA DAULATGANJ LASHKAR GWALIOR (M.P.) - 474001

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला ग्वालियर (म.प्र.)
ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474006

क्रमांक : एडीएम/वि.वि.अ./ विवाह /64/2025
ग्वालियर, दिनांक 29/08/2025

//विज्ञप्ति//

आवेदकगण गुलाम मोईन खान पुत्र श्री जमील खान निवासी ए-8 आनंद नगर बहोडापुर ग्वालियर जिला ग्वालियर म.प्र. एवं कु. आकांक्षा कुशवाह पुत्री जयप्रकाश सिंह कुशवाह निवासी ठाकुर मोहल्ला चन्द्र नगर कोटेश्वर मंदिर के पीछे ग्वालियर म.प्र.. ओर से अपने साथ दिनांक 26/08/2025 को साक्षीगणों की उपस्थिति में विशेष विवाह अधिनियम 1954 आवेदन पत्र अधिनियम की धारा 11 के तहत घोषणा करते हुये आशयित विवाह हेतु धारा 5 के अन्तर्गत सूचना देकर तीन कलेन्डर मास के भीतर, अधिनियम के अधीन अनुष्ठापित होना आशयित दर्शाया गया है। अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन में वर एवं वधू द्वारा यह घोषणा की गई है कि आवेदकगण आवेदित दिनांक को अविवाहित है। वर द्वारा 27 वर्ष तथा वधू द्वारा 28 वर्ष क्री आयु पूर्ण कर ली गई है। उनकी आपस में कोई प्रतिसिद्ध नातेदारी नहीं है। यह भी घोषणा की गयी है कि दोनों पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार चित्त-विकृति के परिणामस्वरूप विधिमान्य सम्मति देने में असमर्थ नहीं है।
2/यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, ग्वालियर, 474006, मध्यप्रदेश, के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
एवं विवाह अधिकारी जिला ग्वालियर म.प्र

CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, **INDU YADAV is legally wedded spouse of No. 15169834Y Rank-Hav Name-Nandakishor Singh Yadav,** Presently residing at Vill-Khilwa, Post Madanhi Thana Nandganj, Dist- Gazipur, State (U.P.) Pin 233302 have Changed my Date of Birth from **08/06/1988 to 01/01/1990,** it may entered accordingly in my Husband army service record. Vide affidavit No. BX 215449 & date 04.09.2025 before C.L. Puriya Notary Public, Gwalior

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **SUMAN KHANDELWAL** है, जो कि सही है। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम **SUMANLATA KHANDELWAL** अंकित है जो कि गलत है। दोनों ही नाम मुझ सूचनाकर्ता के हैं। अतः मेरे सही नाम **SUMAN KHANDELWAL** के नाम से ही मुझे जाना जाये एवं मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम **SUMAN KHANDELWAL** अंकित किया जाये।
सूचनाकर्ता
सुमन खण्डेलवाल
पत्नी रामजीदास खण्डेलवाल
राम रचना, खासगी बाजार, लश्कर, ग्वालियर

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जिला ग्वालियर (म.प्र.)
ओहदपुर, सिरोल रोड, ग्वालियर पिन-474006

क्रमांक : एडीएम/वि.वि.अ./ विवाह /53/2025
ग्वालियर, दिनांक 29/08/2025

//विज्ञप्ति//

आवेदकगण रितेश धाकड पुत्र श्री केदार सिंह निवासी शीलनगर सहारा स्विमिंग पूल के पास जिला ग्वालियर म.प्र. एवं खुशबू राजपूत पुत्री अतर सिंह निवासी बहादुरपुर जिला ग्वालियर म.प्र.ओर से अपने साथ दिनांक 07/07/2025 को साक्षीगणों की उपस्थिति में विशेष विवाह अधिनियम 1954 आवेदन पत्र अधिनियम की धारा 11 के तहत घोषणा करते हुये आशयित विवाह हेतु धारा 5 के अन्तर्गत सूचना देकर तीन कलेन्डर मास के भीतर, अधिनियम के अधीन अनुष्ठापित होना आशयित दर्शाया गया है। अधिनियम के अन्तर्गत आवेदन में वर एवं वधू द्वारा यह घोषणा की गई है कि आवेदकगण आवेदित दिनांक को अविवाहित है। वर द्वारा 22 वर्ष तथा वधू द्वारा 25 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली गई है। उनकी आपस में कोई प्रतिसिद्ध नातेदारी नहीं है। यह भी घोषणा की गयी है कि दोनों पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार चित्त-विकृति के परिणामस्वरूप विधिमान्य सम्मति देने में असमर्थ नहीं है।
2/यदि किसी भी व्यक्ति को इस विवाह के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई शिकायत और आपत्ति हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से तीस दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति या शिकायत अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं विवाह अधिकारी, ग्वालियर, 474006, मध्यप्रदेश, के कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। नियत तिथि व्यतीत होने के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की शिकायत / आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी।
मेरे हस्ताक्षर तथा पदमुद्रा से जारी।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
एवं विवाह अधिकारी जिला ग्वालियर म.प्र

नाम परिवर्तन सूचना

मैं उमा देवी सक्सेना पति का नाम: श्री अवधेश नारायण जन्मतिथि 01/04/1961 व्यवसाय: पूर्व आर्मी सेवारत निवासी: हनुमान मंदिर के पास, सिद्धेश्वर नगर मुरार जिला ग्वालियर (म.प्र.) मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ कि :- मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते पर निवास कर ग्वालियर म.प्र. की मूल निवासी हूँ । यह कि, मुझ शपथकर्ता के पति के आर्मी रिकॉर्ड मे जन्मतिथि 10/04/1963 और नाम उमा देवी दर्ज है लेकिन मुझ शपथकर्ता के समस्त शैक्षणिक दस्तावेज हाई स्कूल एवं आधार कार्ड एवं पेन कार्ड मे जन्मतिथि 01/04/1961 दर्ज है एवं नाम उमा देवी सक्सेना दर्ज है। जो कि सत्य व सही है। यहकि, मुझ शपथकर्ता के द्वारा मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड मे नाम उमा देवी सक्सेना एवं जन्मतिथि 01/04/1961 दर्ज करवाने की सत्यता में यह शपथपत्र प्रस्तुत है। उपरोक्त कथनों की सत्यता की पुष्टि में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 04 वार्ड क्रमांक 11 भवन क्रमांक 110 स्थान तानसेन रोड में स्थित है जो कि नरेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिह, अनुपमा ठाकुर, करूणा देवी / स्व . भगवान सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000111841 पर दर्ज है /नहीं है जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफुट है.उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP142602024A1549957 दिनांक 6/5/2024 द्वारा क्रय / उत्तराधिकार से प्राप्त / वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है.उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्ति कर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र तानसेन नगर पर दिनाक 03/09/2025 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 76/2010/59812/59985 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटीसेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र.202 ,205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में संलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 06-09-2025
आवेदक का नाम/पता
नरेन्द्र सिंह ठाकुर/ स्व.भगवान सिंह ठाकुर
पता- तानसेन रोड , ग्वालियर, म. प्र.

CHANGE OF DATE OF BIRTH

I, **No 15169834Y Rank-Hav Name- NANDAKISHOR SINGH YADAV,** Presently residing at Vill- Khilwa, Post-Madanhi, Thana- Nandganj, Dist- Gazipur, State -(U.P.) Pin 233302, have changed My Son **RAJAN YADAV** Date of Birth from **31/01/2015 to 31/12/2015** and it may entered accordingly in my Army service record. vide affidavit No. BX 215448 & date 04.09.2025 before C.L. Puriya, Notary Public, Gwalior

CHANGE OF NAME

I Army No. 4289245L Rank - Sep Name- MARKAM AMOL BABULAL Unit of - 3 Bihar C/o 56 APO, Residing at Vill-Malkapur, PO- Kawtha Bahale, Teh. Amravati, Distt-Amravati (Maharashtra) Pin-444602 have changed My Son Name From **ANVIT MARKAM to ANVIT AMOL MARKAM** and it may entered accordingly in my Army service record. vide affidavit No. BV 659994 & date 23.08.2025

ग्वालियर ग्रामीण में कांग्रेस ने भाजपा व बसपा को दिया झटका

नवभारत न्यूज

सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

ग्वालियर 6 सितम्बर. ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सैकडो भाजपा व बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज भोपाल में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर ग्रामीण जिला कांग्रेस के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे एवं ग्वालियर ग्रामीण के विधायक साहब सिंह गुर्जर उपस्थित थे। जौहरे एवं गुर्जर का कहना है कि ग्वालियर ग्रामीण में भाजपा एवं बसपा को करारा झटका लगा है। नए सदस्यों के आगमन से कांग्रेस और अधिक मजबूत हुई है। जीतू पटवारी ने सभी नवांगतुक कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कांग्रेस परिवार में स्वागत किया।